शान्ती समाज सेवी समिति 2/377 खतराना स्ट्रीट– फर्रूखाबाद–209625 (उ0प्र0)

वार्षिक प्रगति आख्या वर्ष–2013–14

1– भारत सरकार वस्त्र मन्त्रालय के हस्तशिल्प विभाग द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजना के अन्तर्गत बिहार प्रान्त के जनपद भोजपुर के विकास खण्ड आरा में जरी इम्ब्राइडरी काफ्ट की अनुसूचित जाति की 500 हस्तशिल्पी महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजना संचालित करने की स्वीकृति संस्था को प्रदान की गयी। संस्था द्वारा प्रथम चरण में विकास खण्ड आरा में संस्था का बिहार प्रान्त का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित कर हस्तशिल्पियों के स्वयं सहायता समूह के गठन का कार्य प्रारम्भ किया गया।

2– भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद फर्रूखाबाद (उ0प्र0) में गठित ग्राम स्वास्थ्य ,स्वच्छता एवं पोषण समिति के छः सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण प्रदान करने का शुभारम्भ मुख्यचिकित्साधिकारी जनपद – फर्रूखाबाद के मार्गदर्शन में किया गया।

3– जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) जनपद – जालौन के सहयोग से स्वर्ण जयंती कौशल विकास शहरी रोजगार योजना के अन्तर्गत उरई जनपद जालौन में 225 महिलाओं को लेडीज टेलर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

4– जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) जनपद–फर्रूखाबाद के सहयोग से स्वर्ण जंयती कौशल विकास शहरी रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद–फर्रूखाबाद के शहरी क्षेत्र की 40 महिलाओं को कटिंग टेलरिंग तथा 40 युवाओं को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

5– भारत सरकार के सर्वशिक्षा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्था द्वारा जनपद–कानपुर के नगर क्षेत्र के परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों के लिये मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का कार्य जिला बेसिक शिक्षा शिक्षाधिकारी कानपुर एवं जिलाधिकारी कानपुर के निर्देशानुसार सम्पन्न किया गया।

6– भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के उत्तर प्रदेश राज्य समाज कल्याण बोर्ड के सहयोग से संस्था द्वारा जनपद फर्रूखाबाद में परिवार परामर्श केन्द्र का संचालन किया गया। इसके अन्तर्गत पारिवारिक विवादों एवं गृह–कलह से ग्रसित महिलाओं की समस्याओं को आपसी वार्ता एवं परामर्श द्वारा सुलह समझौता से निपटाया गया।

भारत सरकार के घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा संस्था को जनपद– फर्रूखाबाद हेतु सर्विस प्रोवाइडर नियुक्त किया गया है। संस्था को पुलिस, प्रशासनिक एवं न्याय विभाग का सहयोग तथा संरक्षण प्राप्त है।

7– भारत सरकार वित्त मंत्रालय की नेशनल कमेटी द्वारा आयकर अधिनियम 1961 की धारा 35 AC के अन्तर्गत अनुमोदित परियोजना के अनुसार जनपद– फर्रूखाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण जागरूकता शिविरों का संचालन किया गया। जिसके अन्तर्गत स्वस्थ जीवन बनाये रखने की जानकारी निःशुल्क जॉच तथा प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (R.C.H.) की गतिविधियों जैसे परिवार कल्याण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों का टीकाकरण समबन्धी जानकारियॉ प्रदान की गयी।

8– जनपद– फर्रूखाबाद (उ0प्र0) के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्वच्छता एवं आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान करने के उद्देश्य से ग्रामीणों को उद्यान एवं कृषि बागवानी (हार्टीकल्चर) की विस्तृत जानकारी विषय विशेषज्ञों के माध्यम से प्रदान की गयी।

(मुरलीधर गौड़)